मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-54
28/01/2025

# प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने पूर्णिया जिले को दी 580 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात, 62 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 28 जनवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में पूर्णिया जिले के कृत्यानंद नगर प्रखंड की मजरा पंचायत के भवानीपुर गांव स्थित कामाख्या मंदिर प्रांगण से 580.87 करोड़ रुपये से अधिक की कुल 62 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कामाख्या मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कृत्यानंद नगर प्रखंड की मजरा पंचायत के भवानीपुर ग्राम में विभिन्न विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत अपशिष्ट प्लास्टिक के उपयोग से सड़क निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। जल–जीवन–हरियाली अभियान के अंतर्गत मां कामाख्या पोखरा के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और इसका जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तालाब बहुत अच्छा बना है। लोग यहां आकर घूम सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के लाभुकों को मुख्यमंत्री ने चाबी और सांकेतिक चेक प्रदान की।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने किलकारी बिहार बाल भवन, पूर्णिया के बच्चों द्वारा किए गए सृजनात्मक कार्यों पेंटिंग, चित्र प्रदर्शनी, अभिनय, नृत्य विधा, जूट आर्ट और सिक्की आर्ट के बने उत्पादों एवं विभिन्न सृजनात्मक कार्यों का अवलोकन किया। बच्चों के सृजनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब बहुत अच्छा सृजनात्मक कार्य कर रहे हैं, आप सब को बहुत–बहुत बधाई।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदियों द्वारा जीविकोपार्जन हेतु किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 1 लाख 43 हजार 88 जीविका दीदियों को 204 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक, 1127 जीविका दीदियों को 5 करोड़ 32 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, 13 हजार 605 जीविका दीदियों को 27 करोड़ 21 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया तथा समेकित मुर्गी विकास हेतु 700 लाभुकों को 3 लाख 78 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही जीविका दीदियों के स्टॉल पर लगाए गए विभिन्न उत्पादों को देखा और उनसे बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 में जब हमलोगों को बिहार में काम करने का मौका मिला तो हमने देखा कि यहां स्वयं सहायता समूहों की संख्या नाम मात्र की है। हमलोगों ने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ानी शुरू की। हमने ही स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं का नाम 'जीविका दीदी' दिया, जिससे प्रेरित होकर तत्कालीन केंद्र सरकार ने इसका नाम 'आजीविका' किया। इससे बिहार की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। उनका पहनावा और

बोलचाल भी काफी अच्छा हो गया है। वे लोगों से बेहिचक होकर बातें करने लगी हैं। मैं आप सभी जीविका दीदियों को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई देता हूं।

मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग आदि के स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, आयुष्मान भारत कार्ड योजना, बाल हृदय योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, बासगीत पर्चा आदि के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने नवजात बच्चा की गोद भराई की। मुख्यमंत्री ने उन्नयन बिहार पूर्णिया के लाइव क्लासेज का अवलोकन किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने कामाख्या मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, पर्यटकीय सुविधाओं एवं विश्रामालय का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कन्या मध्य विद्यालय, माजरा का निरीक्षण किया और बच्चों से मुलाकात कर शैक्षणिक कार्य आदि की जानकारी ली। आंगनबाड़ी केंद्र, पूर्णिया के बच्चों से भी मुलाकात कर मुख्यमंत्री ने शैक्षणिक कार्यों की जानकारी ली और उन्हें पढ़ने–लिखने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कामाख्या उच्च विद्यालय में खेल परिसर का उद्घाटन किया एवं उसका निरीक्षण किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने भुटहा मोड़ से एस0एच0 60 के चौथे कि0मी0 तक बाईपास पथ का रेखा चित्र के माध्यम से निरीक्षण किया। इसकी लंबाई 9.176 कि0मी0 होगी और इसकी प्रस्तावित लागत राशि 151.47 करोड़ रुपये होगी। इसके निर्माण कार्य से शहर का आवागमन आसान होगा और लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने धमदाहा से पूर्णिया हवाई अड्डे तक एस0एच0 65 के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का रेखा चित्र के माध्यम से जानकारी ली। इसकी लंबाई 32 कि0मी0 होगी और इसकी प्रस्तावित लागत राशि 100 करोड़ रुपये होगी। उन्होंने पूर्णिया एवं किशनगंज जिला अंतर्गत राज्य उच्च पथ संख्या 99 के उन्नयन, चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का भी रेखा चित्र के माध्यम से जानकारी ली। इसकी लंबाई 63.35 कि0मी0 होगी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने रंगभूमि मैदान स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (मल्टी परपस हॉल) का स्थल अवलोकन किया और स्थानीय खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री खेल अवयव संरचना एवं निर्माण गतिविधियों के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छे से निर्माण कार्य कराइए ताकि बच्चे अच्छे से खेल सकें, दौड़ सकें और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो और रंगभूमि मैदान का स्वरूप भी बचा रहे।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री सह पूर्णिया जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग की मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, पूर्व सांसद श्री संतोष कुशवाहा, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त श्री राजेश कुमार, पूर्णिया प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री प्रमोद कुमार मंडल, पूर्णिया जिला के जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार, पूर्णिया के पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय कुमार शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******